**Indian School Al Wadi Al Kabir**
**Pre-Mid Term Exam (2022-23)**
Subject-Hindi (II Lang.)

Class: X — Max Marks: **30**
Date: 29.05.22 — Time - **1hr**

*General Instructions:*
1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of* ***6*** *questions divided into* ***3*** *Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided.*
4. *This question paper consists of* ***4*** *printed pages.*

**खंड – क**

**1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

पता नहीं क्यों, उनकी कोई नौकरी लंबी नहीं चलती थी। मगर इससे वे न तो परेशान होते, न आतंकित, और न ही कभी निराशा उनके दिमाग में आती। यह बात उनके दिमाग में आई कि उन्हें अब नौकरी के चक्कर में रहने के बजाय अपना काम शुरु करना चाहिए । नई ऊँचाई तक पहुँचने का उन्हें यही रास्ता दिखाई दिया । सत्य है, जो बड़ा सोचता है, वही एक दिन बड़ा करके भी दिखाता है और आज इसी सोच के कारण उनकी गिनती बड़े व्यक्तियों में होती है । हम अक्सर इंसान के छोटे-बड़े होने की बातें करते हैं, पर दरअसल इंसान की सोच ही उसे बड़ा या छोटा बनाती है। स्वेट मार्डेन अपनी पुस्तक 'बड़ी सोच का बड़ा कमाल' में लिखते हैं कि यदि आप दरिद्रता की सोच को ही अपने मन में स्थान दिए रहेंगे, तो आप कभी धनी नहीं बन सकते, लेकिन यदि आप अपने मन में अच्छे विचारों को ही स्थान देंगे और दरिद्रता, नीचता आदि कुविचारों की ओर से मुँह मोड़े रहेंगे और उनको अपने मन में कोई स्थान नहीं देंगे, तो आपकी उन्नति होती जाएगी और समृद्धि के भवन में आप आसानी से प्रवेश कर सकेंगे । सफलता की ऊँचाइयों को छूने वाले व्यक्तियों का मानना है कि सफलता उनके मस्तिष्क से नहीं, अपितु उनकी सोच से निकलती है। व्यक्ति में सोच की एक ऐसी जादुई शक्ति है कि यदि वह उसका उचित प्रयोग करे, तो कहाँ से कहाँ पहुँच सकता है। इसलिए सदैव बड़ा सोचें, बड़ा सोचने से बड़ी उपलब्धियाँ हासिल होंगी, फायदे बड़े होंगे और देखते-देखते आप अपनी बड़ी सोच द्वारा बड़े आदमी बन जाएँगे ।

(i) गद्यांश में समृद्धि और उन्नति के लिए क्या सुझाव दिए गए हैं ? (1)
(ii) गद्यांश के अनुसार सत्य क्या है? (1)
(iii) भारतीय विचार-धारा में संकल्प और चिंतन का क्या महत्त्व है ? (1)
(iv) गद्यांश में किस जादुई शक्ति की बात की गई है ? (1)
(v) स्वेट मार्डेन की पुस्तक का नाम क्या है ? (1)

## खंड – ख

**2. उचित मुहावरों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** 5

**(i)** अरे राहुल! मीना फेल हो गई है और तुम उसके अंक पूछ रहे हो , क्यों ______ हो?

(क) गिरह बाँधना (ख) अक्ल ठिकाने आ जाना

(ग) फरार होना (घ) घाव पर नमक छिड़कना

(ii) उधार लेने के बाद प्रायः लोग _________ लगते हैं।

(क) मुँह चुराना (ख) जी ललचाना

(ग) बेराह चलना (घ) मुठभेड़ होना

(iii) बमकांड में अपनी बेटी का मृत शरीर देखकर माँ के __________ गए।

(क) खून जलाना (ख) जिगर के टुकड़े-टुकड़े होना

(ग) दिमाग होना (घ) हेकड़ी जताना

(iv) 'प्राण सूखना'- मुहावरे का अर्थ है________________।

क) बहुत रोना ख) दुखी होना

ग) डर लगना घ) अपमान करना

(v) 'आड़े हाथों लेना'-मुहावरे का अर्थ है _______________।

क) बड़ा काम करना ख) संकट आना

ग) ध्यान न देना घ) कठोरतापूर्ण व्यवहार करना

## खंड –ग

**3.निम्नलिखित पद्यांश से संबंधित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए-** 3

मोर मुगट पीतांबर सौहे, गल वैजयंती माला।
बिंदरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला।
ऊँचा-ऊँचा महल बणावं बिच-बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुम्बी साड़ी।

(i) श्रीकृष्ण किस रंग के वस्त्र धारण करते हैं ?

क. काले ख. नीले

ग. लाल घ. पीले

(ii) मीरा के अनुसार श्रीकृष्ण कहाँ गाय चराते हुए सबका मन मोह लेते हैं ?

क. अयोध्या में　　　　ख. वृंदावन में

ग. गोकुल धाम में　　　　घ. चित्रकूट में

(iii) मीराबाई महल के बीच-बीच में क्या रखना चाहती है ?

क.दीवार　　　　ख. दरवाज़ा

ग.खिड़की　　　　घ. दीपक

**4. निम्नलिखित गद्यांश से संबंधित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए-** 3

एक ज़माना था कि लोग आठवाँ दर्जा पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे। मैं कितने ही मिडिलचियों को जानता हूँ, जो आज अव्वल दरजे के डिप्टी मजिस्ट्रेट या सुपेरिंटेंडेंट हैं। कितने ही आठवीं जमात वाले हमारे लीडर और समाचारपत्रों के संपादक हैं। बड़े-बड़े विद्वान उनके मातहती में काम करते हैं और तुम उसी आठवें दरजे में आकर बाज़ारी लौंडों के साथ कनकौए के लिए दौड़ रहे हो। मुझे तुम्हारी इस कम अकली पर दुःख होता है। तुम ज़हीन हो, इसमें शक नहीं, लेकिन वह ज़ेहन किस काम का जो हमारे आत्मगौरव की हत्या कर डाले। तुम अपने दिल में समझते होगे, मैं भाई साहब से महज़ एक दरजा नीचे हूँ और अब उन्हें मुझको कुछ कहने का हक़ नहीं है, लेकिन यह तुम्हारी गलती है। मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और चाहे आज तुम मेरी ही जमात में आ जाओ और परीक्षकों का यही हाल है, तो निस्संदेह अगले साल तुम मेरे समकक्ष हो जाओगे और शायद एक साल बाद मुझसे आगे भी निकल जाओ, लेकिन मुझमें और तुममें जो पाँच साल का अंतर है, उसे तुम क्या, ख़ुदा भी नहीं मिटा सकता।

(i) कहानीकार का नाम है –

क. हरिश्चंद्र　　　　ख.जयशंकर प्रसाद

ग.महादेवी वर्मा　　　　घ.प्रेमचंद

(ii) बड़ा भाई अपने फेल होने के लिए किसे दोषी मानता है?

क. अपने माता-पिता को　　　　ख. लेखक को

ग. परीक्षकों को　　　　घ. अपने पड़ोसी को

(iii) बड़े भाई साहब लेखक से कितने साल बड़े थे ?

क.चार साल　　　　ख.पाँच साल

ग.दो साल　　　　घ.दस साल

**5. निम्नलिखित में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए: - 8**

(i) मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की ?

(ii) कबीर के अनुसार इस संसार में कौन दुखी है और कौन सुखी? स्पष्ट कीजिए-

(iii) कबीर ने मधुर वाणी के महत्त्व के बारे में क्या बताया है ?

(iv) बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है?

(V) बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे ?

6. **निम्नलिखित में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में दीजिए: - 6**

(i) बड़े भाई साहब ने शिक्षा व्यवस्था पर क्या व्यंग्य किया है ?

(ii) कबीर की भाषा की विशेषताएँ बताइए।

(iii) मीरा कृष्ण की चाकरी क्यों करना चाहती है ?



============================